हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, मंगलवार, 16 सितंबर 2025




# नागपुर में विकास को मिलेगा नया आयाम

## 7,168 हेक्टेयर भूमि पर होंगे प्राधिकरण के प्रोजेक्ट्स: पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले

**नागपुर.**

नागपुर महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एनएमआरडीए) और नागपुर सुधार ट्रस्ट (एनआईटी) द्वारा संचालित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा के लिए आज एक उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता महाराष्ट्र सरकार के राजस्व मंत्री और नागपुर के पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने की। बैठक में शहर के विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और जल प्रबंधन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए।



**7,168 हेक्टेयर भूमि का होगा विकास :** पालकमंत्री बावनकुले ने जानकारी दी कि नागपुर महानगर क्षेत्र के तहत करीब 7,168 हेक्टेयर भूमि को विकास के लिए अधिसूचित किया गया है, जिसमें से वर्तमान में लगभग 3,000 हेक्टेयर भूमि पहले से उपलब्ध है। इस भूमि पर दीर्घकालिक योजना के अंतर्गत विभिन्न विकास परियोजनाएं क्रियान्वित की जाएंगी।

**स्वयं सहायता समूहों को मिलेगा बड़ा अवसर :** प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए बावनकुले ने कहा कि इन क्षेत्रों में महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से हर्बल औषधियों, चरागाहों और बास के बागानों जैसे उत्पादन क्षेत्रों को विकसित किया जाएगा। इस पहल के तहत 1,000 स्वयं सहायता समूहों की लगभग 10,000 महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए खनिज फाउंडेशन के माध्यम से चयनित एसएचजी को 1 लाख तक की गैर-वापसी योग्य सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

**जल प्रबंधन और नालों का गहरीकरण प्राथमिकता में :** बैठक में नागपुर के पूर्वी, पश्चिमी, उत्तरी और दक्षिणी क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नालों के गहरीकरण को प्राथमिकता देने की बात कही गई।

साथ ही यह निर्देश दिये गए कि स्थानीय ग्राम पंचायतों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जल संसाधनों के संरक्षण और सुदृढ़ीकरण के उपाय किए जाएँ।

**सीएसआर फंडिंग से होगा कार्यान्वयन :** विकास परियोजनाओं में सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के माध्यम से वित्त पोषण सुनिश्चित करने के लिए पालकमंत्री ने स्वतंत्र सीएसआर इकाई के पंजीकरण और एनएमआरडीए के माध्यम से प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इससे निधियों की उपलब्धता की समस्या का समाधान होगा और परियोजनाएं समय पर पूर्ण हो सकेंगी।

# मंत्रालय नकली नौकरी घोटाला

## 30 करोड़ के फ्रॉड का खुलासा, दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.**

शहर पुलिस के इकोनॉमिक ऑफिसेज विंग (ईओडब्ल्यू) ने मंत्रालय नकली नौकरी घोटाले में एक और महत्वपूर्ण गिरफ्तारी की है। इस घोटाले में अब तक का फ्रॉड का आंकडा 20-30 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। ईओडब्ल्यू ने सोमवार को वाठोडा निवासी विजय पाटंकर को गिरफ्तार किया, जो इस मामले में दूसरी बड़ी सफलता है। इससे पहले मुख्य आरोपी लॉरेंस हेनरी (45) को मुंबई से गिरफ्तार किया गया था। शिल्पा उदापुरे, वसंतकुमार उदापुरे, नितिन साठे, सचिन डोलस और बाबार




नामक चपरासी अभी भी फरार हैं। यह मामला तब सामने आया जब सुगत नगर निवासी राहुल तायड़े ने शिकायत दर्ज कराई कि 2019 में इस गिरोह ने उनसे मंत्रालय में जूनियर क्लर्क की नौकरी के बहाने 9.55 लाख रुपये ऐंठे। आरोपियों ने प्रामाणिकता दिखाने के लिए जेजे हॉस्पिटल में मेडिकल टेस्ट करवाया और मंत्रालय में एक नकली केबिन में इंटरव्यू भी लिया।

**राज्यभर में 200 से अधिक शिकार :** राहुल तायड़े ने बताया कि इस गिरोह ने महाराष्ट्र भर में 200 से अधिक बेरोजगार युवाओं को ठगा हो सकता है। अब तक हुडकेश्वर, चंद्रपुर और वर्धा पुलिस स्टेशनों पर चार शिकायतें दर्ज हुई हैं। पुलिस का मानना है कि और शिकार सामने आने पर यह संख्या बढ़ सकती है।

**मंत्रालय के अधिकारियों से संलिप्तता का शक :** जांच में पता चला है कि आरोपियों ने मंत्रालय के अंदर एक केबिन में नकली नामपट्ट लगाकर इंटरव्यू लिए, जिससे मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की संलिप्तता का शक पैदा होता है।

मंत्रालय में प्रवेश पाना आसान नहीं है, जिससे यह सवाल उठ रहे हैं कि आरोपी इतनी आसानी से अंदर कैसे पहुंचे। ईओडब्ल्यू अधिकारी ने बताया कि और शिकायतें मिलने पर फ्रॉड की रकम और बढ़ सकती है। हम सभी फरार आरोपियों की तलाश कर रहे हैं।

# जमीन घोटाले की जांच के दबाव में पटवारी ने की आत्महत्या

**नागपुर.**

जमीन घोटाले में शामिल होने के आरोपों और पुलिस की गिरफ्तारी की आशंका से तंग आकर एक पटवारी ने आत्महत्या कर ली। मृतक अजय चव्हान (57 वर्ष) काटोल रोड स्थित फ्रेंड्स कॉलोनी के निवासी थे और पेशे से पटवारी थे। जानकारी के अनुसार चांदमारी (वाठोड़ा) में एनआईटी की जमीन पर अवैध ले-आउट बनाकर लोगों को प्लॉट बेचे जाने का मामला अप्रैल में उजागर हुआ था।

इसके बाद धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जांच में खुलासा हुआ कि पटवारी अजय चव्हान ने आरोपियों को फर्जी (सात-बारा) दस्तावेज बनाकर दिये थे। आर्थिक अपराध शाखा ने चव्हान से पूछताछ की थी और गिरफ्तारी की आशंका के चलते वह कोर्ट की शरण में गए। लेकिन सत्र न्यायालय और उच्च न्यायालय ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। सोमवार सुबह चव्हान ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर गिट्टीखदान पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज किया और जांच शुरू की है। पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चव्हान पर जमीन घोटाले में मुख्य भूमिका निभाने का शक था और वह गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार तनाव में थे। उनके परिवार वालों ने भी इस बात की पुष्टि की कि वह हाल के दिनों में मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे।

# चायनीज फूड वेंडर से हफ्ता मांगने वाले दो गिरफ्तार, चाकू बरामद

**नागपुर.**

इमामवाडा पुलिस ने एक चायनीज फूड वेंडर से जबरन वसूली और लूट का मामला दर्ज करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पीड़ित को महीने के 5,000 रुपये 'खंडणी' के तौर पर देने का दबाव डाला और जान से मारने की धमकी दी। घटना चंदननगर स्थित रमाबाई नगर गार्डन के पास की है। मुख्य आरोपी जय सतीश सूर्यवंशी (19) और उसका एक नाबालिग साथी है । वे मेडिकल चौक स्थित व्ही.आर. मॉल के पास चायनीज फूड की गाड़ी चलाने वाले दिनेश राजेश शाहू के पास पहुंचे। उन्होंने शाहू को जान से मारने की धमकी देकर महीने की 5,000 रुपये की रकम मांगी।



इसके बाद, दोनों आरोपियों ने शाहू की जेब में हाथ डालकर 2,000 रुपये की नकदी छीन ली और फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर इमामवाडा पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई की और दोनों आरोपियों को उसी दोपहर तक गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों से अपराध में इस्तेमाल की गई दोपहिया और एक धारदार चाकू भी बरामद किया गया। पुलिस जांच में पता चला है कि दोनों आरोपी शराब के आदी हैं और मुख्य आरोपी जय पर पहले भी एक गंभीर मामला दर्ज है। नाबालिग आरोपी को बाल न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है।

# जन्म प्रमाण-पत्र अभियान का सफल आयोजन



**नागपुर.** अज़्म फाउंडेशन ने रविवार को नागपुर के मोमिनपूरा क्षेत्र में एक विशेष जन्म प्रमाण पत्र अभियान का आयोजन किया। यह जागरूकता कार्यक्रम उन लोगों के लिए था, जिनके पास जन्म प्रमाण पत्र नहीं है या जिन्हें इसे बनवाने में कठिनाई आ रही है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को उनके बुनियादी कानूनी अधिकार दिलवाना और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में मदद करना है। जन्म प्रमाण पत्र के अभाव में लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अन्य सरकारी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है। यह जागरूकता कार्यक्रम मोमिनपुरा स्थित मजीदिया गर्ल्स हाई स्कूल में आयोजित किया गया। जहां बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बॉम्बे हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता आसिफ कुरैशी ने की और नागरिकों का मार्गदर्शन किया। नागपुर महानगरपालिका के वैद्यकीय अधिकारी तथा जन्म-मृत्यु विभाग के उप-निबंधक डॉ. अतिकुर रहमान खान ने लोगों को फॉर्म भरने और जरूरी दस्तावेज जमा करने में मदद की। इस दौरान, उन्होंने सभी कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए यह सुनिश्चित किया की प्रक्रिया सुचारू और सही ढंग से होना चाहिए। सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य वकील नजीब ने भी जन्म प्रमाण पत्र के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित किया और अपील की। कार्यक्रम का संचालन रिजवान अंसारी ने किया और आभार प्रदर्शन ॲड. अतिकुर रहमान ने किया। इस प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए ॲड. खलीक अंज़र, शाहिद अंसारी यूसफी, डॉ. मोहम्मद शाहिद, शोएब अंसारी, नौशाद अंसारी, मो. फहीम अंसारी, वकार हनीफ, शाहिद अमीन, मुश्ताक ज़हीर, आसिम अंसारी, शाहबाज शेख, नावेद शेख, परवेज अहमद, फैयाज अंसारी, अबूबक्र अंसारी, उमर शेख, फैजुर रहमान, एहतेशाम कुरैशी, मो. सईद अंसारी, मोहसिन शाही आदि ने भरपूर योगदान दिया। अज़्म फाउंडेशन की इस पहल की स्थानिक नागरिकों ने खुब सराहना की।



**ताजबाग ट्रस्ट की ओर से हज़रत सैयद शाह राजाबाग सवार दरगाह में चादर पेश की गई. इस मौके पर ट्रस्ट के सेक्रेटरी ताज अहमद राजा, ट्रस्टी इमरान ख़ादिम, इमरान शेख और अन्य सदस्य मौजूद थे.**

# नागपुर में मौसम ने बदली करवट

## झमाझम बारिश से भीगे रास्ते, जलभराव और ट्रैफिक से बढ़ी परेशानी

**नागपुर.**

सोमवार सुबह नागपुर शहर में मौसम ने अचानक करवट ली और तेज बारिश ने शहरवासियों को चौंका दिया। सुबह 11 बजे हल्की फुहारों से शुरू हुई बारिश कुछ ही देर में तेज झमाझम में तब्दील हो गई, जिससे पूरा शहर भीग उठा। आसमान में घने काले बादल छा गए और गरज के साथ हुई बारिश ने तापमान में गिरावट लाकर उमस भरी गर्मी से राहत जरूर दी, लेकिन इससे जीवन-यापन पर असर भी पड़ा। बारिश के चलते कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। सड़कों पर पानी भर जाने से खासकर दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई जगह



ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे कार्यालय और स्कूल जाने वालों को परेशानी उठानी पड़ी।

**मौसम विभाग की चेतावनी :** भारतीय मौसम विभाग ने पहले ही विदर्भ क्षेत्र के नागपुर, गोंदिया, भंडारा, अमरावती, यवतमाल, चंद्रपुर और वर्धा में बिजली की गर्जना के साथ बारिश की संभावना जताई थी। विभाग के अनुसार यह बारिश का सिलसिला अगले 24 घंटों तक जारी रह सकता है। साथ ही तेज हवाओं और बिजली गिरने की संभावना को देखते हुए अलर्ट भी जारी किया गया है।

**राहत और परेशानी साथ-साथ :** जहां लंबे समय से उमस झेल रहे नागपुर वासियों को ठंडी हवाओं और बारिश ने राहत दी है, वहीं जलभराव, ट्रैफिक और बिजली गुल होने जैसी समस्याओं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बच्चे और युवा बारिश का लुत्फ उठाते नजर आए, जबकि कामकाजी वर्ग को इससे खासा प्रभावित होना पड़ा।

**प्रशासन की अपील :** स्थानीय प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक बाहर न निकलें और बारिश व बिजली गिरने से सतर्क रहें। विशेषकर जलभराव वाले क्षेत्रों से गुजरते समय सावधानी बरतें।

नागपुर में हुई यह अचानक और तेज बारिश एक ओर जहां राहत लेकर आई है, वहीं प्रशासन और नागरिकों के लिए एक चुनौती भी बन गई है। आने वाले 24 घंटे अहम माने जा रहे हैं।

# मानकापुर फ्लाईओवर दुर्घटना के बाद स्कूली वाहनों पर सख्ती

## > 37 पर ई-चालान, 6 जब्त

**नागपुर.**

मनकापुर फ्लाईओवर पर हाल ही में हुई स्कूली वाहन दुर्घटना, जिसमें एक छात्र की दर्दनाक मौत हो गई और आठ बच्चे घायल हो गए, ने स्कूली छात्रों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस घटना के बाद क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने स्कूल बसों और वैनों पर सघन निरीक्षण अभियान शुरू कर दिया है। शनिवार को आरटीओ टीम ने विभिन्न स्कूलों के बाहर 35 बसों और वैनों की जांच की। निरीक्षण के दौरान कई वाहन ऐसे पाए गए जो बिना फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा और आवश्यक दस्तावेजों के ही बच्चों का परिवहन कर रहे थे। नियमों की




अनदेखी के चलते 37 वाहनों पर ई-चालान जारी किया गया, जबकि 6 स्कूल वैन और बसों को जब्त कर थाने में जमा कराया गया। आरटीओ की इस कार्रवाई में कुल 48,000 रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सभी स्कूल वाहन चालकों के लिए फिटनेस प्रमाणपत्र, वैध लाइसेंस, बीमा और सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य है। आरटीओ विभाग के अधिकारियों का कहना है कि छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह अभियान आने वाले दिनों में और भी सख्ती के साथ जारी रहेगा ताकि बच्चों की जान खतरे में न पड़े। नियमों की अनदेखी अब भारी पड़ेगी। परिवहन विभाग ने चेतावनी दी है कि सभी स्कूलों को सुनिश्चित करना होगा कि उनके वाहनों में जरूरी सुरक्षा उपाय और वैध दस्तावेज मौजूद हों। भविष्य में ऐसे किसी हादसे से बचने के लिए यह कठोर कदम उठाया गया है।

# फर्जी पुलिस बनकर की 28 हजार की ठगी, एक घंटे में आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.**

शहर के लालगंज इलाके में शनिवार दोपहर एक चौंकाने वाली ठगी की घटना सामने आई,




जहां एक शख्स ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर एक व्यक्ति से 28,000 की ठगी कर ली। लेकिन नागपुर पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते आरोपी महज एक घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया।

**घटना का विवरण :** पीड़ित करण पखाले अपने दोपहिया वाहन से सफर कर रहे थे, तभी सुधीर लोखंडे नामक आरोपी ने उन्हें रोका। खुद को पुलिसकर्मी बताकर उसने कहा कि करण पर 36,000 का चालान बकाया है और उन्हें थाने चलना होगा। इस दौरान आरोपी ने पीड़ित की डिक्की खोलकर उसमें रखे 28,000 नगद निकाल लिए और मौके से फरार हो गया।

**सूझबूझ बनी पुलिस के लिए सुराग :** आरोपी के जाने से पहले करण पखाले ने उसका फोटो और गाड़ी का नंबर अपने मोबाइल में कैद कर लिया। उन्हें जल्दी ही ठगी का अहसास हुआ, जिसके बाद उन्होंने शांतिनगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच यूनिट-3 को जांच में लगाया।

**घंटे भर में गिरफ्तारी :** वाहन नंबर के आधार पर लोकेशन ट्रेस कर पुलिस ने शिवाजी नगर परिसर, शंकरनगर में आरोपी सुधीर लोखंडे को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह बजाज नगर निवासी है और हाल ही में उसने नया दोपहिया वाहन खरीदा था।

**पहले भी ठगी के मामले दर्ज :** पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी पहले फुटपाथ पर कपड़े बेचता था और उसके खिलाफ पहले से ही धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। उसने इस वारदात को अंजाम देने के लिए पुलिसकर्मी का भेष धारण किया था।

# बीयर बार में विवाद, ग्राहक की बेसबॉल बल्ले से पिटाई

**नागपुर.**

हुडकेश्वर स्थित चाणक्य बीयर बार में रविवार की रात पैसे को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें दो वेटर्स पर एक ग्राहक को बेसबॉल के बल्ले से पीटकर जख्मी करने का आरोप लगा है।

पुलिस ने दोनों ही पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना की शुरुआत शनिवार रात हुई, जब पीड़ित शैलेश पटले (34) बार में शराब पीने के बाद भुगतान करने गए तो वेटर अंकित वाघमारे (28) से उनकी अनजाने में टक्कर हो गई। इस पर दोनों के बीच तकरार हुई।

अगले दिन रविवार रात करीब दो बजे जब शैलेश फिर बार पहुंचे और अंकित से सवाल किया, तो विवाद फिर शुरू हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दोनों वेटर के खिलाफ मारपीट और जख्मी करने का मामला दर्ज किया है।

वहीं, वेटर ने भी ग्राहक के खिलाफ गाली-गलौज का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों का कोई पूर्व रिकॉर्ड नहीं है और जांच जारी है।

# तीन अलग-अलग मामलों में महिलाओं के साथ दुष्कर्म

## एक पीड़िता नाबालिग, पांचपावली, हुडकेश्वर और बेलतरोडी थाना क्षेत्रों में हुईं घटनाएं

**नागपुर.**

शहर के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई बलात्कार की घटनाओं ने एक बार फिर महिला सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इनमें से एक पीड़िता एक 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा है, जबकि अन्य दो महिलाओं को शादी का झांसा देकर यौन शोषण का शिकार बनाया गया।

**नाबालिग के साथ दरिंदगी :** पहला मामला पांचपावली थाना क्षेत्र का है। 7 सितंबर की दोपहर, जब 15 वर्षीय पीड़िता अपने घर पर अकेली थी, आरोपी मकान मालिक प्रणय उर्फ चिंटु निखारे (35) ने पीड़िता के घर में किसी के नहीं होने का फायदा उठाकर उसे जबरदस्ती अपने कमरे के बाथरूम में घसीटा। वहां उसने उसकी पिटाई करके उसके साथ बलात्कार किया और फिर परिजनों को जान से मारने की धमकी



देकर चुप रहने को कहा। डरी हुई पीड़िता ने घटना किसी को नहीं बताई, लेकिन बाद में उसकी मां ने पुलिस में शिकायत की। पुलिस ने बलात्कार, पॉक्सो एक्ट, मारपीट और धमकी का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है बताया जा रहा है कि आरोपी अविवाहित है और महानगरपालिका में काम करता है। पीड़िता का परिवार कुछ वर्ष से आरोपी के घर में ही किराए से रहता था।

**शादी के झांसे में युवती का शोषण :** दूसरा मामला हुडकेश्वर थाना क्षेत्र का है। एक 21 वर्षीय युवती, जो कैटरिंग का काम करती है, ने अपने सहकर्मी निखिल विनायक नागोसे (32) पर शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। 2 जनवरी 2024 को उमरेड से लौटते समय आरोपी ने उसे देर रात अपने कमरे पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और बाद में शादी से इनकार कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**ऑनलाइन दोस्ती, ऑफलाइन धोखा :** तीसरा मामला बेलतरोडी थाना क्षेत्र का है। एक 37 वर्षीय तलाकशुदा महिला, जो ऑनलाइन गेमिंग के दौरान पटना के अश्विनी कुमार गुप्ता (26) से मिली, ने उस पर शादी का वादा करके धोखा देने का आरोप लगाया है।

आरोप है कि अश्विनी जनवरी 2023 में नागपुर आया और एक होटल में उसने पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए। फरवरी में पीड़िता पटना भी गई और छह महीने तक उसके साथ रही, लेकिन बाद में आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

CMYK

# सभी गणेश मंडल 'बप्पा मोरया स्मृतिचिन्ह' से होंगे सम्मानित

## > निंबाजी अखाड़ा सभागृह में 20 को होगा सम्मान समारोह

कामठी.

दुर्गा चौक मित्र परिवार एकता मंच ने एक सराहनीय पहल करते हुए शहर के सभी सार्वजनिक गणेश मंडलों को उनके बेहतरीन सामाजिक कार्यों और सांस्कृतिक धरोहर को बनाए रखने के प्रयासों के लिए 'बप्पा मोरया स्मृतिचिन्ह' से सम्मानित करने का फैसला किया है। यह सम्मान धार्मिक उत्सवों को सामाजिक सुधार और सामुदायिक एकता से जोड़ने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।

दुर्गा चौक मित्र परिवार एकता मंच के अध्यक्ष सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी, उपाध्यक्ष रितेश मानसिंह यादव, उपाध्यक्ष मनोज नगरकर, सचिव रवि लांजेवार, संयुक्त सचिव दिनेश शेंडे, सहसचिव देवेंद्र चकोले, सहसचिव प्रमोद उर्फ पम्मा यादव, चरणदास तांडेकर, कोषाध्यक्ष सुधीर शंभरकर आदि पदाधिकारियों ने बताया कि यह सम्मान समारोह पहले शनिवार, 13 सितंबर को शाम 5 बजे दुर्गा चौक में होने वाला था। लेकिन लगातार बारिश के कारण, अब यह कार्यक्रम खुले मैदान के बजाय निंबाजी अखाड़ा सभागृह में शनिवार 20 सितंबर को आयोजित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष माया चवरे करेंगी। जूना कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमड़े और नवीन कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इसके अलावा, नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अजय कदम विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर कई अन्य सम्मानित व्यक्ति भी विशेष सहयोगी के रूप में उपस्थित रहेंगे। जिनमें छावनी परिषद मनोनीत सदस्य कमल उर्फ लालू यादव, रणाला ग्राम पंचायत सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे, नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष अहफाज अहमद ठेकेदार, राकांपा शरद पवार कामठी शहर अध्यक्ष उदयसिंग यादव, भाजपा ज़िला सदस्य




राजेश उर्फ लाला खंडेलवाल, वाल्मीकि समाज कामठी तालुका अध्यक्ष विलास झंझोटे, खैरी ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच बंडू कापसे, शिवसेना उबाठा ज़िला संपर्क प्रमुख राधेश्याम हटवार, नगरपरिषद पूर्व सभापति सौ वैशाली बॉबी मानवटकर, पंचायत समिति पूर्व सदस्य सुमेध रंगारी, भाजपा के कामठी शहर महामंत्री विजय कोंडुलवार, महामंत्री विनोद संगेवार, समाजवादी पार्टी प्रदेश सदस्य तसनीम फैसल, जमीअतुल कुरैश संगठन कार्याध्यक्ष इरशाद अहमद कुरैशी का समावेश है। वहीं विशेष सहयोगी आमंत्रितों में मांगगारोड़ी अध्यक्ष दीपचंद शेंडे, छावनी परिषद पूर्व उपाध्यक्ष चंद्रशेखर लांजेवार, बाबा प्रोविजन संचालक राजकुमार सचदेव, गोल्डन न्यूज संपादक एम. ए. जब्बार, रेलवे सलाहकार समिति सदस्य जयप्रकाश उर्फ बबलू तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता गुरदेशसिंग (कुक्कू) चाना, तेजस बहुउद्देशीय संस्था अध्यक्ष चंद्रशेखर अरगुलेवार, छावनी क्षेत्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रितेश मानसिंह यादव, शिवसेना उबाठा ज़िला उपप्रमुख पवन अवधेश शर्मा, समाजसेविका ज्योति उदय नागदेवे, दुर्गा रेस्टोरेंट संचालक नारायण शर्मा, शाहीर राजू बावनकुले, पत्रकार शफीक शेख़, समाजसेवक सुरेंद्र ओमकार यादव उपस्थित रहेंगे। यह सम्मान समारोह एक नई मिसाल कायम करेगा, जो धर्म और समाज सेवा को एक साथ जोड़कर सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करेगा।

### उत्सव के माध्यम से बदलाव की ओर

यह स्मृतिचिन्ह उन मंडलों के निस्वार्थ समर्पण को दिखाता है, जिन्होंने गणेशोत्सव को सिर्फ एक धार्मिक त्योहार तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे समाज सेवा और सद्भावना का जरिया बनाया। इस पहल का मकसद यह संदेश देना है कि गणेशोत्सव को सिर्फ धूमधाम और सजावट तक ही सीमित न रखकर, इसे सामाजिक बदलाव का भी माध्यम बनाया जा सकता है।

# आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक, नागरिकों में दहशत





सावनेर.

शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या के कारण आमजन का सड़कों पर चलना मुश्किल होता जा रहा है। नागरिकों को यह डर सताने लगा है कि कब, कहां से कोई कुत्ता आकर उन पर हमला कर दे।

इन दिनों शहर के मुख्य मार्गों जैसे बाजार चौक, गडकरी चौक, होली चौक सहित छोटी गलियों में भी आवारा कुत्ते खुलेआम घूमते हुए नज़र आते हैं। अब तो सुबह और शाम सैर पर निकलने वाले लोगों को भी इन कुत्तों का डर सताने लगा है। हाल ही में काटोल और उमरेड में बच्चों पर आवारा कुत्तों के हमले की घटनाएं हुई हैं, जिससे सावनेर के पालकों की चिंता और भी बढ़ गई है। शहर में एक शिक्षक पर भी सुबह की सैर के दौरान कुत्तों ने हमला कर दिया था।

सबसे अधिक डरावनी स्थिति गडकरी चौक से बाजार चौक के बीच के हिस्से में है। वहां सड़क किनारे लगने वाली सब्जी मंडी और पास के चिकन तथा मछली बाज़ार से मांस के टुकड़े खाने के लिए आवारा कुत्तों का जमावड़ा लगा रहता है। ये कुत्ते अचानक राहगीरों पर झपट सकते हैं, जिससे कोई भी गंभीर रूप से घायल हो सकता है। यदि नगर प्रशासन ने इस गंभीर विषय पर तुरंत ध्यान नहीं दिया, तो काटोल और उमरेड जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति सावनेर में भी हो सकती है, और किसी की जान पर बन सकती है।

### जनता ने की कार्रवाई की मांग

शहर की सड़कों पर बेखौफ घूमते इन कुत्तों से आम नागरिक भयभीत हैं। कई समाजसेवियों के नेतृत्व में नागरिकों ने नगर परिषद के मुख्याधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि जल्द से जल्द इन आवारा कुत्तों और अन्य पशुओं से मुक्ति दिलाई जाए। साथ ही, उन्होंने शहर में अवैध रूप से पशु पालने वालों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को सड़कों पर न छोड़ें, अन्यथा उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए।

# उपजिला अस्पताल व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की भूमि का निरीक्षण



कामठी.

रविवार को उपजिला अस्पताल कामठी और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर जिला शल्य चिकित्सक डॉ. निवृत्ति राठौड़, कार्यकारी अभियंता (पीडब्ल्यूडी), चिकित्सा अधीक्षक डॉ. निशार शेख, नागपुर जिला भाजपा सदस्य राजेश उर्फ लाला खंडेलवाल (पालक मंत्री के निजी सहायक), और डॉ. हिमांशु साखरे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य दोनों स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि का मूल्यांकन करना था। अधिकारियों ने स्थल का दौरा कर आवश्यक बुनियादी सुविधाओं और पहुंच की संभावनाओं का जायजा लिया। इस पहल से कामठी और आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ने की उम्मीद है।

# जाने-माने सिनेमा उद्यमी भवानीशंकर गोयल का निधन

कामठी.



सिनेमा जगत से एक दुखद खबर सामने आई है। शहर के प्रसिद्ध गोयल टॉकीज के संस्थापक और संचालक, भवानीशंकर गोयल का आज सोमवार, 15 सितंबर को 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे नागपुर के मनोरंजन उद्योग का एक जाना-माना चेहरा थे और उन्होंने दशकों तक इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन से स्थानीय कला और मनोरंजन समुदाय में शोक की लहर है। भवानीशंकर गोयल को नागपुर के सिनेमा प्रेमियों के लिए एक अद्वितीय और यादगार अनुभव प्रदान करने के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार, 16 सितंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान, गोयल टॉकीज से शुरू होगी। यह यात्रा अजनी स्थित मोक्षधाम पर समाप्त होगी, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, जो उनकी विरासत को आगे बढ़ाएगा।

# कर्जमाफी और भरपाई पर आम आदमी पार्टी का मुख्यमंत्री को निवेदन

काटोल.

काटोल में आम आदमी पार्टी की ओर से किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तथा किसानों को कर्जमाफी और सूखे के कारण हुई नुकसान भरपाई की मांग को लेकर महाराष्ट्र राज्य के सचिव सुनील वडस्कर की उपस्थिति में, जिला अध्यक्ष वृषभ वानखेडे के नेतृत्व में उपविभागीय अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को निवेदन सौंपा गया।



वर्तमान स्थिति में अनियमित बारिश के कारण खरीफ सीजन की फसलों का भारी नुकसान हुआ है। सोयाबीन की फसल पर बड़े पैमाने पर बीमारी फैलने से किसानों की पूरी सोयाबीन फसल बर्बाद हो गई है। इसी प्रकार अनियमित मौसम के चलते किसानों की संतरा फसल में मृगबहार नहीं आया है और मौसंबी की फसल का झड़ना जारी है, जिससे किसानों को पूरी तरह नुकसान हुआ है। साथ ही, आंधी-तूफानी बारिश से कपास की फसल के फूल और फल गिर गए हैं और खड़ी फसल बर्बाद हो गई है। इसके कारण किसान हताश होकर बढ़ते कर्ज के बोझ से आत्महत्या की ओर प्रवृत्त हो रहे हैं। इसी संदर्भ में मांग की गई कि तहसील के सभी किसानों का पूरा कर्ज माफ किया जाए, खरीफ सीजन 2025 में सूखे से हुए फसल नुकसान का तुरंत सर्वेक्षण कर उचित मुआवजा दिया जाए, संतरा और मौसंबी की फसल के लिए प्रति हेक्टेयर 1 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए, कपास फसल को 15 हजार रुपये प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य घोषित किया जाए, सोयाबीन फसल को 10 हजार रुपये प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य घोषित किया जाए, किसानों के बिजली बिल और अन्य बकाया माफ कर किसानों को राहत दी जाए, फसल बीमा योजना की लंबित राशि किसानों के खातों में तुरंत जमा की जाए।इसी प्रकार अमेरिका ने भारत के कपास पर लगाए गए टैरिफ के विरोध में भारत सरकार को अमेरिकी माल पर प्रति टैरिफ लगाकर भारतीय कपास उत्पादक किसानों का नुकसान रोकना चाहिए – ऐसी भी मांग इस अवसर पर की गई।

इस अवसर पर नागपुर जिला उपाध्यक्ष शैलेश गजभिये, पुरुषोत्तम हगवणे, रोशनी बाजनघाटे, प्रकाश बोंद्रे, गुलाबराव राऊत, मोतीबाबा पाटोले, दिलीप वैद्य, नारायण इंगोले, किरण निशाने, कृष्णा डफरे, प्रवीण फिस्के, केतन वानखेडे, गजानन वानखेडे, पुरुषोत्तम गजभिये, अमोल गौरखेडे, ललित हिवसे, निलेश पेठे, धनराज तुमडाम, अरबाज शेख, अभिनय सातपुते, दिनेश दुपारे, आकाश रंगारी, भीमराव मनोहर, सुनील गायकवाड़, वसीम शेख, गिरीश शेंडे, कृष्णा ठाकरे, भोजराज मोहरिया, डॉ. गजभिये, आनंद बंड, रविंद्र आहाके, समशेर मलाधारी, रामदास वानखेडे, नामदेव तागडे, ज्ञानेश्वर मुंदाफळे, महेश राऊत, बंसी राजपूत, स्वप्निल तागडे, राजेंद्र ठाकरे, शुभम गेडाम सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

# वीआईटी नागपुर में वीरा सीमलेस प्राइवेट लिमिटेड का कैंपस भर्ती अभियान




उमरेड.

विदर्भ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी), नागपुर ने 12 सितंबर को वीरा सीमलेस प्राइवेट लिमिटेड, एमआईडीसी, उमरेड के सहयोग से एक सफल कैंपस भर्ती और प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया।

इस ड्राइव में 54 अंतिम वर्ष के इंजीनियरिंग छात्रों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया में प्री-प्लेसमेंट टॉक, एप्टीट्यूड टेस्ट, टेक्निकल इंटरव्यू और एचआर इंटरव्यू शामिल थे। कंपनी की कोर टीम के सदस्यों में ट्रिक अजीज, अभिजीत मैती और सतीश पुंड शामिल थे। एक कठोर चयन प्रक्रिया के बाद, 3 छात्रों को वीरा सीमलेस प्राइवेट लिमिटेड में प्लेसमेंट का ऑफर मिला।

यह ड्राइव प्रिंसिपल डॉ. एस. बी. देशपांडे और वाइस-प्रिंसिपल डॉ. नीलेश बोडने के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। इसका समन्वय ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. सौरभ विनायक लवाटे ने किया। इसमें विभागाध्यक्षों प्रो. ज्ञानेश्वर ठवकर, प्रो. अक्षता बागडे, अन्य संकाय सदस्यों और छात्र समन्वयकों का सक्रिय सहयोग रहा। इस अवसर पर, के.डी. एम एजुकेशन सोसाइटी के चेयरमैन जुगल माहेश्वरी ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उद्योग-संस्थान सहयोग को मजबूत करने के लिए ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के प्रयासों की सराहना की। इस सफल आयोजन ने छात्रों की रोजगार क्षमता और पेशेवर विकास को बढ़ाने की वीआईटी की प्रतिबद्धता में एक और मील का पत्थर स्थापित किया।

# मसाला आश्रम स्कूल में निःशुल्क टीकाकरण अभियान

## > छात्रों की सेहत के लिए स्वास्थ्य अभियान

कोंढाली.

छात्रों के स्वास्थ्य की रक्षा और उन्हें संक्रामक रोगों से बचाने के लिए कोंढाली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और मसाला उप-केंद्र के सहयोग से मसाला के दोनों आश्रम स्कूलों में खसरा-रूबेला टीकाकरण अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्घाटन नागपुर जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चिखले ने किया। पूर्व जिला परिषद सदस्य पुष्पा चाफला, मिनिवाड़ा सरपंच वच्छला युवनाते, पूर्व सरपंच केशवराव धुर्वे, पूर्व उपसरपंच स्वप्निल व्यास, विशाल कालबांडे, मुन्ना शेंगर, उपसरपंच विजय देहानकर, पदम देहानकर, श्रीकांत देहानकर और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर आईएमबी कल्याण विभाग के संभागीय उपनिदेशक विजय वाकुडकर, फाइलेरिया विभागाध्यक्ष डॉ. चोरमारे, मसाला आश्रम विद्यालय के अध्यक्ष चंद्रशेखर भोंडवे, प्रधानाचार्य सोमकुवर और चौधरी, तथा कोंढाली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूजा गायकवाड़ भी उपस्थित थे और अभियान का मार्गदर्शन किया।

डॉ. गायकवाड़ ने बताया कि इस अभियान में, मसाला क्षेत्र के हरदोली/गणेशपुर/पुसागोंदी स्थित आश्रम विद्यालयों के 5 से 15 वर्ष की आयु के कुल 706 विद्यार्थियों को डॉ. प्राजक्ता मेश्राम, डॉ. आशीष तायवाड़े, डॉ. पूजा मंजुलकर और संबंधित उपकेंद्र की स्वास्थ्य सेवा नर्सों की सहायता से टीका लगाया जाएगा।



स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि अपने बच्चों का समय पर टीकाकरण करवाए. मुफ़्त खसरा-रूबेला टीकाकरण सुरक्षित, प्रभावी और आवश्यक है.अभियान में कार्यरत कर्मचारियों और स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करें. खसरा-रूबेला टीकाकरण अभियान न केवल छात्रों के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी है। स्कूली बच्चों को इन बीमारियों से सुरक्षित रखना एक स्वस्थ और मज़बूत पीढ़ी के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**टीकाकरण का लक्ष्य :** बच्चों को खसरा और रूबेला जैसी गंभीर संक्रामक बीमारियों से बचाना. स्कूली उम्र के छात्रों के लिए पूर्ण टीकाकरण कवरेज तैयार करना.अंधेपन, विकलांगता, जन्म दोष और मृत्यु दर को कम करना. छात्रों के दीर्घकालिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करके भविष्य में स्वास्थ्य लागत को कम करना.डॉ. गायकवाड़ ने बताया, 'खसरा और रूबेला दोनों ही वायरल रोग हैं जो गंभीर हो सकते हैं। हालांकि, टीकाकरण से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और बीमार होने की संभावना नगण्य हो जाती है। छात्रों के लिए टीकाकरण के प्रत्यक्ष लाभ, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। संक्रमण का खतरा कम होता है। स्कूली शिक्षा में कोई बाधा नहीं आती। समग्र शारीरिक विकास स्वस्थ रहता है

## तीस साल बाद मुलाक़ात, पुरानी यादें ताज़ा

# भालेराव जूनियर साइंस कॉलेज का पुनर्मिलन समारोह संपन्न

सावनेर.

भालेराव जूनियर साइंस कॉलेज के 1993-95 के 12वें बैच के विद्यार्थियों का पुनर्मिलन समारोह 14 सितंबर को केलवद रोड स्थित स्प्रिंग वैली में उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भालेराव गुरुजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ हुई। इ

सके बाद, खेल, गीत और मनोरंजक पुस्तकों के वितरण जैसे विभिन्न कार्यक्रमों ने माहौल को रंगीन बना दिया, जिससे यादें ताज़ा हो गईं। पुराने दोस्तों ने दिल खोलकर बातें कीं, पुराने दिनों की यादें ताज़ा कीं और एक-दूसरे की संगति का आनंद लिया।

तीस साल बाद एक साथ आए दोस्तों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने लायक था। कई लोगों ने कहा,'आज हम अपने कॉलेज के दिनों में वापस आ गए हैं।

इस पुनर्मिलन का आयोजन अविनाश नागपुरे, रूपेश सुप्रतकर, किशोर अंतुरकर, प्रफुल्ल चंदनखेड़े, डॉ. प्रशांत कलमधाड, किशोर ठाकरे, शीतल मोहतकर और विशाखा तांबे ने किया था। कार्यक्रम का संचालन विशाखा तांबे और शीतल मोहतकर ने किया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

कार्यक्रम में शांताराम जोगी, अरुण कलंबे, सुरेंद्र कोमुजवार, अर्चना कोहले, सीमा गुरतकर, प्रज्ञा मोवाडे, अंजू राय, धीरज ठाकरे, अमोल कोल्हे उपस्थित थे कार्यक्रम के अंत में भालेराव कॉलेज के प्रा. प्रकाश काकड़े सर के आकस्मिक निधन पय उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गई और अगले वर्ष फिर मिलने के वादे के साथ समारोह का समापन किया गया।

# महाराष्ट्र विद्यालय खापरखेड़ा ने कबड्डी प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

खापरखेड़ा.

सावनेर के हरिभाऊ आदमने महाविद्यालय परिसर में आयोजित तालुकास्तरीय कबड्डी स्पर्धा में महाराष्ट्र विद्यालय, खापरखेड़ा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नई सफलता हासिल की। 19 वर्ष से कम आयु वर्ग में लड़कों की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं लड़कियों की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल कर सभी का मन जीता।फाइनल मुकाबले में खापरखेड़ा की लड़कों की टीम ने कड़े संघर्ष के बाद प्रतिद्वंद्वियों को हराकर जीत दर्ज की। तुषार मारबते, यश गोमकाले, आदित्य शेंडे, वैभव भड, मंथन खैरकर, प्रांजल बर्वे, प्रशांत भुरे, प्रथमेश उके, पियूष उके, तेजस गजबिये, संकेत चांदेकर और नमन खिलेकरे ने उत्कृष्ट योगदान दिया।लड़कियों की टीम में शालिनी मारबते, तृप्ति मारबते, राजनंदिनी शिवारे, कृतिका असोले, पलक मेश्राम, रिया गुंडाणे, सुहानी गोंडाले, रागिनी बले, कावेरी बले, दिव्या बागडे, सिद्धि शिंदे और खुशी बर्वे ने दमदार खेल दिखाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



### अभिनंदन का वर्षाव


इस उपलब्धि पर महाराष्ट्र राज्य शिक्षा संस्था के सुनील केदार, सचिव सुहास केदार, सुधीर केदार सहित सभी पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का अभिनंदन किया।विद्यालय के मुख्याध्यापक अरुण वडस्कर, उपमुख्याध्यापक चंद्रशेखर लिखार, प्रा. विजय टेकाडे, प्रा. दिगांबर आडे, क्रीड़ा शिक्षक धर्मेंद्र सुर्यवंशी, धैर्यशील सुटे तथा शिक्षक-कर्मचारी वर्ग ने भी टीमों का अभिनंदन कर आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाए दीं।


# बार में मारपीट, मैनेजर और ग्राहक घायल

## काउंटर मामला दर्ज

वाड़ी.

वाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत खडगांव रोड स्थित कदम बार में शनिवार देर रात मारपीट की गंभीर घटना घटी। इस घटना में बार मैनेजर सहित एक ग्राहक घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता आकाश कवडुजी भोयर (33), निवासी बकुताई नगर, निर्मल कॉलोनी, वाड़ी है जो कदम बार में मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं। उसने पुलिस को बताया कि 13 सितंबर की रात करीब 11:30 बजे बार का शटर डाउन कर दिया गया था। उसी समय अंदर मैनेजर और वेटर काम कर रहे थे जबकि एक परिचित ग्राहक मयूर गांजुड़े (35), निवासी टेकड़ी वाड़ी बार में





बैठे थे।इसी दौरान आधी रात करीब 12:15 बजे शिकायतकर्ता के परिचित शुभम रामानंद मिश्रा (28), निवासी टेकड़ी वाड़ी, वाड़ी नागपुर और शुभम भोयर (32), निवासी वाड़ी दोनों बार में दाखिल हुए। शुभम भोयर ने बीयर की मांग की, जिस पर मैनेजर ने उसे बताया कि एक बीयर की कीमत 300 रुपये है। इस बात पर विवाद बढ़ गया और शुभम भोयर ने वेटर योगेश को जोरदार धक्का दिया। इसके बाद उसने ग्राहक मयूर गांजुड़े की गला पकड़कर मारपीट शुरू कर दी।इसी बीच, शुभम मिश्रा और मैनेजर आकाश भोयर के बीच हाथापाई शुरू हो गई। आरोप है कि दोनों आरोपियों ने बार काउंटर पर रखे कांच के गिलास उठाकर मैनेजर और ग्राहक पर हमला कर दिया। आत्मरक्षा में मैनेजर और वेटर ने भी गिलास फेंककर जवाबी कार्रवाई की। इस झगड़े में दोनों आरोपी, मैनेजर आकाश भोयर और ग्राहक मयूर गांजुड़े घायल हो गए।

झगड़े के बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभाली। सभी घायलों ने निजी अस्पताल में उपचार कराया। शिकायतकर्ता आकाश भोयर के दाहिने हाथ में गंभीर चोट आई है, जिस पर टांके लगाने पड़े, वहीं ग्राहक मयूर गांजुड़े के दाहिने हाथ की हथेली पर कांच के गिलास से गहरी चोट लगी है।पुलिस ने शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 118(1) ,115(2),3(5) के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# सोयाबीन, कपास और तुवर की फसल बर्बाद

## किसान संकट में, तत्काल पंचनामा और मदद की मांग, पूर्व विधायक प्रा. राजू तिमांडे

**हिंगनघाट/वर्धा.**

इस वर्ष के खरीफ सीजन में लगातार हो रही भारी बारिश, बादल फटने जैसी स्थिति और फसलों में रोग फैलने से हिंगणघाट, समुद्रपुर और सिंदी (रेल्वे) विधानसभा क्षेत्र के किसान बड़े संकट में फंस गए हैं। मूसलधार बारिश से नदियों में बाढ़ आ गई, कई खेत बह गए, तो कई जगह दो-दो दिन पानी जमा रहने से खड़ी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गईं।

सोयाबीन पर बड़े पैमाने पर येलो मोज़ेक और अन्य बीमारियों का प्रकोप फैला, जिसके कारण पत्ते पीले हो गए, फलिया सूख गईं और उनमें दाने नहीं रहे। हालत यह हो गई है कि किसानों को प्रति एकड़ एक किलो सोयाबीन भी मिलना मुश्किल हो गया है। निराश किसान अपने खेतों में पशु छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। दूसरी ओर कपास की फसल लगातार बारिश से पानी में सड़ने के कगार पर है।



इस गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए पूर्व विधायक प्रा. राजू तिमांडे ने केंद्र और राज्य सरकार को त्वरित ज्ञापन भेजा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि : किसानों के भारी नुकसान का पंचनामा कृषि विभाग से तुरंत कराया जाए।

प्रभावित किसानों को प्रति एकड़ न्यूनतम 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता घोषित की जाए। प्रभावित क्षेत्रों में कृषि मंत्रालय (भारत सरकार) और महाराष्ट्र कृषि विभाग की टीमें भेजकर सर्वेक्षण पूरा कर जल्द से जल्द सहायता वितरित की जाए।

यदि प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई नहीं की तो किसान सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे, ऐसी चेतावनी भी किसानों ने दी है। सितंबर महीने में हुई मूसलधार बारिश से खरीफ की फसलों को हुए इस बड़े नुकसान को नज़रअंदाज़ करना खतरनाक साबित होगा।

### कर्ज़ बढ़ा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर मंडराया खतरा

हिंगनघाट तहसील के बोपापुर, पिपरी, फुकटा, वेणी जांगोना, हिवरा, पोहना, आजनसरा, शेकापुर, चिंचोली, पिंपलगांव, काजळसरा, नरसाला, उमरी, सावली, बुरकोनी, लाडकी आदि गांवो के साथ-साथ समुद्रपुर तहसील के खंडाला, नारायणपुर, हलदगांव, कांढली, मांडगांव, तळोदी, राळेगांव, वानरचुवा, रासा, गिरगांव, साखरा, चिखली, कवठा, निंभा, आंरभा, नंदोरी, लोणार, वासी, सावंगी, पिपरी, धानोरा आदि गांव में सैकड़ों हेक्टेयर में सोयाबीन और कपास की फसल बर्बाद हो चुकी है। किसानों की मुख्य आय का स्रोत रही सोयाबीन, कपास और तूर की फसलें पूरी तरह नष्ट होने से उनकी आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। दीपावली से पहले ही परिवार की रोज़ीरोटी का संकट खड़ा हो गया है। कर्ज़ का बोझ और बढ़ गया है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था ठप पड़ने का खतरा है।

सरकार ने तुरंत किसानों की मदद करनी चाहिए, वरना आत्महत्याओं की घटनाए बढ़ने का भय व्यक्त किया जा रहा है।

इस दौरान जिले के विभिन्न किसान संगठनों ने भी सरकार से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है। किसानों को राहत देना ही आज समय की सबसे बड़ी ज़रूरत है। ज्ञापन सौंपते समय पूर्व विधायक प्रा. राजू तिमांडे के साथ काजळसरा और आसपास के किसान – चोखाराम डफ, सोमदेव विरूटकर, कुलदीप डफ, अंबादास विरूटकर, बंडू कुटे, राजू तेलहांडे आदि उपस्थित थे।

# ज्ञान और साधना के प्रतीक आचार्य विनोबा भावे



**वर्धा.**

11 सितंबर को अग्निहोत्री महाविद्यालय में आचार्य विनोबा भावे की जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर जय महाकाली शिक्षण संस्था के अध्यक्ष पंडित शंकरप्रसाद अग्निहोत्री ने उनके महान कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि महान योगी आचार्य

विनायक नरहरि भावे का जन्म 11 सितंबर, 1895 को महाराष्ट्र के गागोदे में हुआ था। उनके पिता नरहरि शंभुराव भावे और माता रखुमाबाई थीं, जबकि उनके दादा शंभुराव भावे थे। वाई के ब्राह्मणशाही मोहल्ले में एक कोटेश्वर मंदिर है। यह भावे का है और शंभुराव ने अग्निहोत्र को स्वीकार किया और वहा अग्निहोत्र विद्यालय की स्थापना की। विनोबा को धार्मिक धर्मनिष्ठा के संस्कार अपने दादा और माता से मिले। यहाँ, महात्मा गांधी ने हिंदू विश्वविद्यालय के एक समारोह में भाषण दिया।

इसका उनके मन पर गहरा प्रभाव पड़ा। उन्होंने महात्मा गांधी के शब्दों और व्यक्तित्व में हिमालय में अध्यात्म और बंगाल में क्रांति, दोनों की प्रेरणा पाई। 1916 में, उन्होंने अहमदाबाद के साबरमती आश्रम में गांधीजी से मुलाकात की और उनके विचारों को स्वीकार किया। गांधीजी द्वारा आहूत 'व्यक्तिगत सत्याग्रह' के वे पहले सत्याग्रही थे। 'आचार्य' के नाम से प्रसिद्ध विनोबा ने 'गीताई' नाम से भगवद्गीता का मराठी में अनुवाद किया। 'जय जगत' (विश्व कल्याण) उनका नारा था। गांधीजी के अनुयायी होने के नाते, उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक-धार्मिक कार्यों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**'गीताई' से 'सर्वोदय' तक, प्रेरणा के स्रोत विनोबाजी :** उन्होंने सर्वोदय और अहिंसा के सिद्धांतों पर आधारित समाज के निर्माण पर जोर दिया। उनकी अनेक पुस्तकें जैसे 'गीताई', 'गीताप्रवचन', 'मधुकर' और 'सर्वोदय विचार' ने लोगों को प्रेरित किया। अग्निहोत्री महाविद्यालय में उनकी जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उनके महान कार्यों को नमन किया गया और उनके कार्यों का महिमामंडन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राचार्य, प्राध्यापक, शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा छात्र-छात्राए उपस्थित थे।

# वर्धा में किसान अधिकार परिषद का आयोजन कल

**वर्धा.**

जिन्होंने दिल्ली की सीमा पर एक साल तक ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी और केंद्र सरकार के तीन काले किसान कानूनों को निरस्त करवाया, उस आंदोलन में 700 से ज़्यादा किसान शहीद हुए। उसके बाद ख़ुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में घोषणा की कि कानून वापस ले लिए गए हैं। उस किसान आंदोलन के देश-स्तरीय नेता अब 17 से 19 सितंबर तक विदर्भ के दौरे पर हैं और इस अवसर पर वर्धा में एक विशाल किसान अधिकार न्याय परिषद का आयोजन किया गया है।

यह कार्यक्रम 17 सितंबर, बुधवार सुबह 11 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस, दोपहर 12 बजे किसान अधिकार परिषद सत्यनारायण बजाज पब्लिक लायब्ररी, दोपहर 3 बजे जिले में आत्महत्या करने वाले किसानों के परिवारों से मुलाकात और रात्रि विश्राम प्रतिनिधिमंडल अमरावती के लिए प्रयाण करेंगे.



सभी किसानों, किसान आंदोलन कार्यकर्ताओं, सभी राजनीतिक दलों के किसान-प्रेमी कार्यकर्ताओं और वर्धा जिले के नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस किसान अधिकार न्याय परिषद में बड़ी संख्या में उपस्थित रहें.

प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजन समिति के सदस्य अविनाश काकड़े, यशवंत झाड़े, मनोज चांदुरकर, सुनील राउत, राजू खुपसरे, अतुल वांदिले, सुदाम पवार, किरण ठाकरे, डॉ. सचिन पावड़े, हरीश इथापे, महेंद्र मुनेश्वर, प्रमोद भोबले, द्वारका इमडवार, तुषार उमाले, अतुल शर्मा, नितेश कराले, निहाल पांडे, नरेंद्र मसराम, आमिर अली अजानी, भैयाजी देशकर, अभ्युदय मेघे, सुधीर पांगुल, चंद्रशेखर मडावी, दुर्गा काकड़े आदी मौजुद थे.

**आंदोलन की नई दिशा पर होगी चर्चा :** किसान अधिकार न्याय परिषद में प्रमुख किसान नेता राकेश टिकैत, युद्धवीर सिंग, भारतीय किसान युनियन, अशोक ढवले, विजू कृष्णा, एन.पी. कृष्णप्रसाद अखिल भारतीय किसान सभा (एआयकेएस), तेजंदर सिंग वीर तराई किसान युनियन, राजन क्षीरसागर किसान सभा (सीपीआय), अनिल त्यागी, व्ही. कोटेश्वर राव, मंडल व्यंकना अखिल भारतीय किसान खेतिहर मजदूर युनियन, पूर्व विधायक बच्चूभाऊ कडू, किसान नेता विजयराव जाऊंधे, डॉ. अजीत नवले, सांसद अमर काले के साथ-साथ देश भर से 30 से 35 से अधिक राष्ट्रीय किसान नेता उपस्थित रहेंगे. विदर्भ के कपास किसानों के लिए न्याय, कपास पर आयात प्रतिबंध हटाने के संबंध में केंद्र सरकार से सवाल, सूखा प्रभावित किसानों के आंदोलन को मज़बूती, अगले किसान आंदोलन की दिशा आदी मुद्दोंपर चर्चा की जाएगी.

# विधि छात्रों ने किया लोक अदालत की कार्यवाही का अवलोकन

**वर्धा.**

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के विधि विभाग के पांच वर्षीय बी.ए.-एलएल.बी. पाठ्यक्रम के छात्रों ने शनिवार, 13 सितंबर को वर्धा जिला न्यायालय परिसर में आयोजित लोक अदालत की कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों के त्वरित निपटान हेतु अलग-अलग पैनल गठित किए गए थे, जिनकी कार्यवाही को छात्रों ने नज़दीक से देखकर न्यायिक प्रक्रिया और वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली (एडीआर) को समझा।



कार्यवाही के प्रारंभ में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) की ओर से अधिवक्ता देशपांडे सहित वरिष्ठ अधिवक्ताओं और कर्मचारियों ने छात्रों को लोक अदालत के उद्देश्य, प्रक्रिया और महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विधि विभाग के डीन एवं विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जनार्दन कुमार तिवारी, डॉ. परमानन्द राठौर, डॉ. दिव्या शुक्ला, सुश्री पूर्वा जैन, सुश्री सताक्षी दीक्षित, श्रुति नाथ, डॉ. मोहन एवं शील खांडेकर सहित विभाग के अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी भी मार्गदर्शन के लिए उपस्थित रहे।

विधि विभाग के छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि लोक अदालत की कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देखना उनके लिए अत्यंत उपयोगी रहा। इससे उन्हें न्यायिक प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई और विधि अध्ययन को व्यावहारिक जीवन से जोड़ने का अवसर मिला।

# 'माझं कुंकू, माझा देश' मुहिम के तहत पाकिस्तान-विरोधी आक्रोश

## शिवसेना का आंदोलन

**हिंगनघाट.**

पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले में भारतीय महिलाओं का कुंकू मिटाया गया और जवान शहीद हुए. फिर भी केंद्र सरकार पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच खेलने की अनुमति दे रही है, इस द्वैध नीति के विरोध में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ दिया।



हिंगणघाट के कारंजा चौक में आज सुबह आयोजित इस आंदोलन में सैकड़ों शिवसैनिकों ने भाग लिया और तीव्र आक्रोश जताया।

आंदोलन में माजी उद्योग राज्य मंत्री व पूर्व विधायक अशोकभाऊ शिंदे, वर्धा जिल्हाप्रमुख राजेंद्र खूपसरे, तालुका प्रमुख मनीष देवडे, शहर प्रमुख चंदू भुते, शहर संघटिका सीमाताई गलांडे, प्राचीताई पाचखेडे, माजी नगरसेविका नीताताई धोबे सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। नेताओं ने केंद्र सरकार पर तीखी निंदा करते हुए कहा 'एक तरफ पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक करनी है और दूसरी तरफ उनके साथ क्रिकेट खेलना. यह दोहरा चेहरा देश कभी भी सहन नहीं करेगा।' महिला आघाडी की नेता तथा दर्जनों पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में मौजूद शिवसैनिकों ने "माझं कुंकू, माझा देश' के नारे लगाकर सरकार से सवाल पूछे कि शहीदों की विधवाओं के सिंदूर पर राजनीति कब तक की जाएगी? उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को पाकिस्तान के साथ क्रिकेट संबंध तुरंत समाप्त करने चाहिए, अन्यथा शिवसेना और भी तीव्र आंदोलन के लिए सड़क पर उतर सकती है. ऐसा आंदोलनकारियों ने स्पष्ट संकेत दिया। इस वक्त महिला पदाअधिकारी कार्यकर्ता पुरुष पदाअधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# पालकमंत्री डॉ. पंकज भोयर ने की भुजाड़े परिवार से मुलाकात

## > तत्काल सहायता प्रदान करने के निर्देश



**वर्धा.**

जिले में दो दिन पहले हुई भारी बारिश के कारण नाचनगाँव के बढ़े प्लॉट में एक मकान ढह गया। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में भुजाड़े परिवार के एक 32 वर्षीय युवक की मृत्यु हो गई। जिले के पालकमंत्री डॉ. पंकज भोयर और विधायक राजेश बकाने ने भुजाड़े परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान, पालकमंत्री डॉ. भोयर ने प्रभावित परिवार को तत्काल सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। चूँकि इस परिवार के लिए मकान स्वीकृत हो चुका है, इसलिए उन्होंने मकान का निर्माण कार्य प्राथमिकता से शुरू करने को कहा। उन्होंने प्रशासन को अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्राथमिकता से प्रदान करने के निर्देश दिए। इस समय उपविभागीय अधिकारी दीपक कारंडे, संजय गाते, मंगेश झाडे, प्रशांत इंगोले, अरविंद भार्गव, पूर्व नगरसेवक आशीष गांधी, पुलगांव अतिरिक्त तहसीलदार स्नेहा क्षीरसागर, उपविभागीय पुलिस अधिकारी डॉ. वंदना कारखेले, पुलिस निरीक्षक यशवंत सोलसे व अन्य उपस्थित थे.

# वणा नागरी सहकारी बैंक को राज्य स्तरीय सम्मान, मुंबई की तृतीय पुरस्कार

**हिंगनघाट.**

विदर्भ की अग्रणी वणा नागरी सहकारी बैंक को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए महाराष्ट्र अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक फेडरेशन लिमिटेड, मुंबई की ओर से 101 करोड़ से 300 करोड़ रुपए की जमा राशि वाले समूह में तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार 13 सितंबर को नासिक के श्री स्वामीनारायण कन्वेंशन सेंटर, न्यू आडगांव नाका, मुंबई-आगरा रोड, पंचवटी में आयोजित भव्य समारोह में बैंक के संस्थापक अध्यक्ष एड. सुधीर कोठारी, उपाध्यक्ष सुरेश सायंकार और निदेशक हिम्मतराव चतुर ने ग्रहण किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता फेडरेशन के अध्यक्ष अजय ब्रम्हेचा ने की, जबकि विधान परिषद सदस्य प्रवीण दरेकर और जितेंद्रभाई मेहता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

महाराष्ट्र अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक फेडरेशन लिमिटेड, मुंबई हर वर्ष बैंकिंग क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली सहकारी बैंकों को "उत्कृष्ट बैंक पुरस्कार" से सम्मानित करती है। इस वर्ष वणा बैंक को प्राप्त हुआ यह पुरस्कार बैंक की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता को और अधिक सुदृढ़ करने वाला सिद्ध हुआ है।

31 मार्च तक वणा बैंक की वित्तीय स्थिति इस प्रकार रही. अंश पूंजी : 721.45 लाख, जमा : 299.74 करोड़, ऋण वितरण 196.74 करोड़, निवेश :118.75 करोड़, शुद्ध लाभ 529.93 लाख इस अवसर पर संस्थापक



अध्यक्ष एड. सुधीर कोठारी ने कहा, 'फेडरेशन का यह पुरस्कार वणा बैंक के लिए गर्व का क्षण है। आम जनता के हित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की सहायता के उद्देश्य से हमने वणा बैंक की स्थापना की थी। आज वह उद्देश्य सफल हो रहा है और ज़रूरतमंद लोगों की सेवा करने का सौभाग्य हमें प्राप्त हो रहा है। यह पुरस्कार मैं पूरे निदेशक मंडल, शुभचिंतकों और शेयरधारकों को समर्पित करता हूँ।' बैंक की इस उपलब्धि पर निदेशक मंडल के डॉ. निर्मेश कोठारी, सुरेशराव सायंकार, ओमप्रकाश डालिया, डॉ. दिलीप जोबनपुत्रा, हिम्मतराव चतुर, विपिन पटेल, अक्षय ओस्तवाल, सुरेश नैनानी, अविनाश गांधी, डॉ. वरुण लोढ़ा, मनीष चितलांगे, ज्ञानेश्वर लोणारे, सिद्धार्थ दारुंडे, पूनम बादले, विद्या भोयर आदि ने संतोष व्यक्त किया। साथ ही पूर्व विधायक राजू तिमांडे, राजेश कोचर, हरीश वडतकर, माधव चंदनखेडे, आफताब खान, मधुकर डंभारे, उत्तमराव भोयर, घनश्याम येरलेकर और तेजस तडस ने बैंक को बधाई दी और शुभकामनाए व्यक्त कीं।

# अतिवृष्टि पीड़ितों को मदद की मांग

## > राकांपा ने की राहत की मांग

हिंगनघाट. हिंगनघाट शहर में हाल ही में हुई अतिवृष्टि के कारण मकानों और दुकानों को भारी नुकसान हुआ है। इस नुकसान का तात्कालिक पंचनामा कर प्रभावितों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, इस मांग को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस शरदचंद्र पवार गुट के प्रदेश महासचिव अतुल वांदिले के मार्गदर्शन में शहर के शिष्टमंडल ने उपविभागीय अधिकारी को निवेदन सौंपा। 12 सितंबर को दोपहर से शुरू हुई मूसलधार बारिश ने हिंगनघाट शहर में नागरिकों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। बादल फटने जैसी स्थिति में सबसे बड़ा असर आम नागरिकों और किसानों पर पड़ा। नगर परिषद द्वारा किए गए मलनिःसारण और अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह फेल साबित हुए। सिमेंट रोड निर्माण और अमृत योजना के लिए खोदे गए गड्ढों ने नागरिकों की मुसीबत और बढ़ा दी। उपजिला अस्पताल परिसर तालाब का रूप धारण कर चुका था। यशवंत नगर, रिठे कॉलोनी, दत्त मंदिर वार्ड, शिवाजी वार्ड, संत चोखोबा वार्ड, पटवाड़ी कॉलोनी,



रंगारी वार्ड, वीरभगत सिंह वार्ड, भीमनगर वार्ड समेत शहर के कई हिस्सों में घरों में पानी घुस गया। कई घरों और दुकानों में पानी भरने से फर्नीचर, कपड़े, खाद्यान्न और अन्य वस्तुओं को भारी नुकसान हुआ, वहीं व्यवसायियों को लाखों रुपए का नुकसान झेलना पड़ा। पंजाब नेशनल बैंक के पास स्थित पुरानी इमारत का एक हिस्सा रात में ढह गया, जिससे स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। गनीमत रही कि इस घटना में किसी की जान नहीं गई।

12 सितंबर से अब तक चार दिन बीत जाने के बावजूद प्रशासन की ओर से न तो नुकसान की दखल ली गई और न ही पंचनामे किए गए। इसलिए प्रभावितों को तात्कालिक राहत दिलाने के लिए पंचनामे कर तुरंत आर्थिक मदद दी जाए, ऐसी मांग निवेदन में की गई। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष बालु वानखेडे, कार्याध्यक्ष अमोल बोरकर, समाजसेवक सुनील डोंगरे, युवक प्रदेश सचिव प्रशांत लोणकर, वाहतूक जिलाध्यक्ष शेखर जाधव, उमेश नेवारे, गजानन महाकाळकर, अमित रंगारी, पंकज भट्ट, मनोज मुरार, समीर बालसराफ, विजय हजारे, विनोद वानखेडे, राजू मुडे, हुकेश ढोकपांडे आदि उपस्थित थे।

# कारंजा से तरोड़ा सीमेंट सड़क का निर्माण रुका

## शिवसेना ने ज़िला मजिस्ट्रेट को सौंपा ग्यापन,आंदोलन की चेतावनी

**कारंजा (घाडगे).**

कारंजा से तरोड़ा मार्ग के लिए सीमेंट सड़क बनाने का ठेका आय.सी.सी. इंफ्राटेक कंपनी नागपुर को मिला था। इस कंपनी ने आशा कंस्ट्रक्शन गुजरात को सड़क बनाने का ठेका दिया था, लेकिन बताया जा रहा है कि ठेकेदार पिछले तीन महीने से गायब है। इस सड़क का काम फरवरी 2025 में शुरू हुआ था। कारंजा से इस सड़क का दस किलोमीटर हिस्सा निर्माणाधीन है। इसमें से पांच किलोमीटर एक तरफ कच्ची सड़क के रूप में तैयार किया गया है, लेकिन मिट्टी बिछाने के कारण यह सड़क पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो गई है। ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा सैकड़ों नागरिकों, छात्रों और वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। सड़क को खोदकर आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है और काम पूरी तरह से बंद कर दिया गया है, इसलिए बारिश होने



पर दुपहिया वाहन चालकों को सड़क पर चलते समय कठिनाई का सामना करना पड रहा है. एक दुपहिया वाहन चालक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया है।

बरसात के दिनों में सड़क निर्माण कार्य की उपेक्षा के कारण वाहन रुके हुए पानी में फिसल रहे हैं। नारा आजनदेवी पारडी, सावरडोह, बेलगाव, सुसुंदरा, मानिकवाड़ा, परसोडी वाघोड़ा, गोधनी आदि गांवो से सैकड़ों नागरिक और छात्र प्रतिदिन कारंजा आते हैं, लेकिन सड़क की खस्ता हालत के कारण उन्हें जान हथेली पर रखकर यात्रा करनी पड़ती है। हाल ही में शिवसेना के पुर्व तालुका प्रमुख संदीप भिसे और नीलेश देशमुख के नेतृत्व में तहसीलदार के माध्यम से जिलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया गया। नागरिकों के तेज गुस्से पर, विधायकों ने भी इस सड़क के निर्माण कार्य का दौरा किया, लेकिन अब इस सड़क का काम पूरी तरह से बंद है।

कुछ मजदूर मजदूरी न मिलने के कारण अपने गांव लौट गए हैं। बताया जा रहा है कि उक्त ठेकेदार मज़दूरों को मज़दूरी न मिलने के कारण पिछले तीन महीनों से लापता है, जिससे नागरिकों में इस कंपनी के प्रति भारी रोष है। अगर आठ दिनों के भीतर काम शुरू नहीं हुआ, तो बड़ा विरोध प्रदर्शन शुरू होने की संभावना है। क्या तलेगांव आर्वी रोड जैसी स्थिति होगी?

**ठेकेदारों की लापरवाही से अधर में विकास :** कई मजदूर अभी भी कारंजा में हैं और उनकी मशनरी सड़क पर खडी हैं। कहा जा रहा है कि तलेगांव आर्वी सीमेंट रोड बारह किलोमीटर तक बनाने के लिए पाँच साल लग गए और सड़क अभी भी पूरी नहीं हुई है। लगभग तीन से चार ठेकेदारों ने सड़क का काम लिया था, लेकिन कई ठेकेदार काम छोड़कर चले गए, इसलिए लगभग पाँच साल में केवल बारह किलोमीटर सड़क ही पूरी हुई। तालुका के नागरिक सोच रहे हैं कि क्या कारंजा से भारसिंगी सड़क के साथ भी यही स्थिति होगी। नागरिकों की मांग है कि संबंधित जनप्रतिनिधि और प्रशासन इस ओर ध्यान दें और जल्द से जल्द यह काम शुरू करें।

**काम किया, पर पेट भरने को पैसा नहीं :** कारंजा भारशिंगी सड़क का निर्माण पिछली जुलाई से आशा कंस्ट्रक्शन गुजरात द्वारा सड़क निर्माण के लिए किराए पर ली गई बड़ी संख्या में मशीनें सड़क पर खड़ी हैं। लगभग 25 लाख रु. का किराया न मिलने के कारण मशीनें बंद हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लाखों रुपये की मजदूरी और वहा का खुदरा व्यापार प्रभावित हो रहा है। बताया जा रहा है कि इस आशा कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदारों द्वारा खर्च का भुगतान न किए जाने के कारण मजदूर भूखें मर रहे हैं।

# प्रा. अभय दांडेकर की रासेयो (एनएसएस) विभागीय समन्वयक पद पर नियुक्ति

**हिंगनघाट.**

मातोश्री आशाताई कुणावार कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय, हिंगनघाट के प्रा. अभय दांडेकर को राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग (एनएसएस) का विभागीय समन्वयक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर में आयोजित सभा में की गई। सभा की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग के संचालक डॉ. सोपानदेव पिसे ने की। इस अवसर पर सभी जिलों के नवनियुक्त जिला समन्वयक और विभागीय समन्वयक भी उपस्थित थे।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. सोपानदेव पिसे ने कहा कि नवनियुक्त समन्वयकों की नियुक्ति उनके राष्ट्रीय सेवा योजना में उत्कृष्ट योगदान को



ध्यान में रखकर की गई है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी समन्वयकों के सहयोग से रासेयो के कार्यों को और अधिक गति और प्रभावशीलता मिलेगी। सभा में नवनियुक्त जिला समन्वयक डॉ. प्रफुल भोयर तथा वर्धा जिले के नवनियुक्त विभागीय समन्वयक डॉ. मिलिंद माने, डॉ. अथर हुसैन और डॉ. आशीष पेठे ने भी अपनी भूमिका स्पष्ट करते हुए कहा कि परस्पर सहयोग से रासेयो के कार्य को और प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जाएगा। प्रा. अभय दांडेकर की नियुक्ति पर डॉ. उमेश तुळसकर (अध्यक्ष, विद्या विकास शिक्षण संस्था, हिंगनघाट), डॉ. नयना तुळसकर (सचिव, विद्या विकास शिक्षण संस्था, हिंगनघाट), उपप्राचार्य डॉ. सपना जयस्वाल, महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, शिक्षकेतर कर्मचारी, छात्राए, मित्रपरिवार और आत्मीयजनों ने हार्दिक अभिनंदन करते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाए दीं।

इस अवसर पर प्रा. अभय दांडेकर ने डॉ. सोपानदेव पिसे और चयन समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए यह आश्वासन दिया कि वे पूर्ण समर्पण और क्षमता के साथ रासेयो का कार्य करेंगे।

# बेरडी में एकादशी से अखंड कीर्तन और भागवत सप्ताह का शुभारंभ

**सौंसर.**

सौंसर के ग्राम बेरडी में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी दशहरे के दूसरे दिन एकादशी से स्थानीय विठ्ठल रुक्मिणी मंदिर में अखंड कीर्तन पाठ आरंभ हो रहा है। यह आयोजन 3 अक्टूबर से शुरू होकर आठ दिन तक चलता है। अखंड कीर्तन के दौरान नगर के आठ समाज तीन-तीन घंटे मंदिर परिसर में पहरा देते हैं। दूसरी कीर्तन मंडली के आने के बाद ही मंदिर में स्थित भजन मंडली वापस जाती है। मंदिर परिसर में आठ दिनों तक ब्राह्मण भोज का आयोजन होता है। इसमें चार दिन उनके लिए आरक्षित हैं जिन्होंने मंदिर को अपनी प्रॉपर्टी दान की है, जबकि शेष चार दिनों के लिए लंबी प्रतीक्षा सूची है। यहां ब्राह्मण भोज कराने के लिए करीब 25 वर्ष तक इंतजार करना पड़ता है। इसी क्रम में मंदिर परिसर में भागवत सप्ताह भी आयोजित किया गया है। भागवत आचार्य शशिकांत पाटील महाराज अपने अमृतवाणी से भागवत का रसपान करवाएंगे। इसके साथ ही प्रत्येक रात विद्वान संतों के प्रवचन होते हैं, जिनमें उल्लास महाराज सूर्यवंशी, भगत महाराज जोगी परली, शिवाजी महाराज बावंनकर बुलढाणा, सोपान महाराज सानप शास्त्री हिंगोली, समाधान महाराज भोजेकर जलगांव, आचार्य अमृता श्रम स्वामी महाराज जोगी बीड तथा समाधान महाराज शर्मा बीड शामिल हैं। प्रवचन कार्यक्रम का संचालन व्यासपीठ चालक अनिल महाराज कुरेकर करेंगे। 10 अक्टूबर को यहां दही लाही का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें दूर-दूर से भजन मंडलियां और भक्तगण शामिल होंगे। इस दिन नगर में ग्राम वासियों द्वारा जगह-जगह चाय, नाश्ता और शरबत की निशुल्क व्यवस्था की जाती है। दही लाही के पश्चात विभिन्न समाजों द्वारा सामूहिक भोज का आयोजन होता है, जिसमें हजारों यात्री प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस दिन नगर के लगभग सभी घरों में खाना बनाने की आवश्यकता नहीं होती क्योंकि सभी कहीं न कहीं प्रसाद ग्रहण करते हैं। दही लाही के अवसर पर नगर में मेला भी सजता है, जिसमें दूर-दूर से व्यापारी दुकान लगाते हैं। नगर की साज-सज्जा और स्वागत द्वार इस उत्सव को विशेष भव्यता प्रदान करते हैं। इस दिन ऐसा प्रतीत होता है कि पंढरपुर से साक्षात पंढरीनाथ भगवान इस नगर में विराजमान हैं।



# नागपुर में दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारिक जुटान का आगाज़




**नागपुर.** स्थानीय रविनगर, अमरावती रोड स्थित अग्रसेन भवन के सभागृह में, आज से दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारिक जुटान आरंभ होने जा रहा है. इस जुटान का उद्घाटन, राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी करेंगे। स्वदेशी जागरण मंच के मार्गदर्शन में एकत्रित यह जुटान लगभग खुदरा विक्रेताओं और स्ट्रीट हॉकर्स के तीन दर्जन व्यावसायिक संगठनों की अभिनव पहल है. अनुमान है कि इनमें लगभग तीस संगठन नागपुर जुटान में हिस्सा लेंगे और अपनी-अपनी समस्याओं पर विमर्श करेंगे और इस संबंध में अपने सुझाव प्रस्तुत करेंगे. यह जानकारी कल आयोजित एक पत्रकार वार्ता में जुटान के नागपुर समन्वयक अजय पत्की ने दी. जुटान में, इंटरनेट मार्केटिंग का भारतीयीकरण, व्यापारी वर्ग का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के स्वदेशीकरण मे सहभाग ,व्हीकल फॉर लोकल की आवाज बुलंद करने के मार्ग आदि विषयों पर गहन चर्चा होंगी। वार्ता के दौरान जुटान के संकल्पक एवं संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख दीपक शर्मा (प्रदीप) ने बताया कि जुटान में मंथन से प्राप्त निष्कर्षों को आगे क्रियान्वयन के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्य किया जाएगा, जिनमें स्थानीय दुकानदारों को स्वदेशी सामानों के लिए अलग डिस्प्ले की व्यवस्था करने व ग्राहकों को भारत में बनी चीजें खरीदने और इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करने के लिए तैयार किया जाएगा. शर्मा ने कहा कि अगर आवश्यक हुआ तो मंच नीतिगत हस्तक्षेप भी करेगा, ताकि स्वदेशी उत्पादकों और विक्रेताओं के रोजगार को प्रभावित कर रही बहुराष्ट्रीय कंपनियों को हतोत्साहित किया जा सके. जुटान के उदघाटन के दौरान स्व.जा.मंच के राष्ट्रीय संयोजक सीए आर. सुंदरम, (मदुराई) और राष्ट्रीय संगठन कश्मीरी लाल (दिल्ली) उपस्थित रहेंगे। व्यापारी संघटन से कैट के अध्यक्ष बी.सी. भरतिया, महासचिव, चांदनी चौक दिल्ली से सांसद प्रवीण खंडेलवाल, बीयूवीएम के उपाध्यक्ष चेन्नई से सतीश चवान,जॉईंट हॉकर्स कमिटी की सेक्रेटरी बहन निर्मला कुराडे (कोल्हापूर) ,गुवाहाटी से शेखर अग्रवाल समेत अनेक व्यापारी नेता मंच सुशोभित करेंगे।

# पोरवाल जूनियर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनाया गया




**कामठी.**

सेठ केसरीमल पोरवाल जूनियर कॉलेज, कामठी में अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनाया गया। हर साल 15 सितंबर को दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप-प्राचार्य डॉ. सुधीर अग्रवाल ने की, जबकि मुख्य वक्ता प्रोफेसर किरण पूडके और पर्यवेक्षक प्रोफेसर वी. बी. वंजारी थे। मुख्य वक्ता प्रोफेसर किरण पुडके ने कहा कि सामाजिक और राजनीतिक समानता के बिना लोकतंत्र सफल नहीं हो सकता।

उन्होंने कहा कि भारत में महिलाओं को अभी भी समान अधिकार नहीं मिल रही हैं! जब तक महिलाओं को सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में सशक्त नहीं बनाया जाता, तब तक लोकतंत्र सफल नहीं होगा। अध्यक्ष डॉ. सुधीर अग्रवाल ने विश्व लोकतंत्र दिवस मनाने का अर्थ समझाया। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2007 में लोकतांत्रिक सिद्धांतों को बढ़ावा देने और समर्थन देने के उद्देश्य से विश्व लोकतंत्र दिवस की शुरुआत की थी और कहा कि यह दिवस दुनिया भर में लोकतंत्र की स्थिति का आकलन करने और नागरिकों एवं सरकारों के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल मनाया जाता है।

इस पृष्ठभूमि में, यदि हम दुनिया में लोकतांत्रिक शासन वाले राज्यों के आंकड़ों पर विचार करते हैं, तो यह देखा जाएगा कि लोकतंत्र खतरे में है, उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया में लोकतंत्र पर विचार करते हुए, दुनिया में तानाशाही के बढ़ते प्रभाव, आंतरिक दमन और लोकतंत्र के सिद्धांतों पर हमलों और लोकतांत्रिक संस्थाओं के कमजोर होने के कारण लोकतांत्रिक मूल्यों में तेजी से गिरावट आ रही है, जिससे कई देशों में नागरिकों और सरकारों के बीच मतभेद बढ़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दक्षिण एशियाई देशों में, भारत को छोड़कर, किसी अन्य देश में सच्चा लोकतंत्र नहीं है, उन्होंने नेपाल, बांग्लादेश, म्यांमार, श्रीलंका और पाकिस्तान का उदाहरण दिये। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में भी गिरावट आ रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक और छात्राएं शामिल हुये! कार्यक्रम का प्रयोजन प्रो वृंदेश क्षीरसागर ने किया ! संचलन एवं आभार प्रोफेसर नागपुरे सर ने किया।

# महावितरण की आधुनिक भारत के शिल्पकार सर विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि

**नागपुर.**

'कड़ी मेहनत करो, फल पाओ' इस मूल मंत्र को अपने जीवन में आत्मसात कर देश को विकास के पथ पर अग्रसर करने वाले महान अभियंता और भारत रत्न से सम्मानित सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की 165वीं जयंती पर महावितरण द्वारा विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महावितरण के काटोल रोड स्थित परिमंडल मुख्यालय 'विद्युत भवन' में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में नागपुर परिमंडल के मुख्य अभियंता दिलीप दोडके ने सर विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



इस अवसर पर कार्यकारी अभियंता विजय तिवारी, महाप्रबंधक (वित्त व लेखा) अतुल राऊत, सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) महेश जाधव, प्रणाली विश्लेषक प्रवीण काटोले, उप मुख्य औद्योगिक संबंध अधिकारी सचिन लहाने, उपमुख्य जनसंपर्क अधिकारी योगेश विटनकर, और वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) सुशील विखार सहित अन्य अधिकारी, अभियंता एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने सर विश्वेश्वरैया के योगदान को याद करते हुए कहा कि वे न केवल एक महान अभियंता थे, बल्कि एक दूरदर्शी योजनाकार और राष्ट्र निर्माता भी थे। उनकी प्रेरणा से आज भी देश के तकनीकी क्षेत्र में कार्यरत अभियंता ऊर्जा, प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं।

## शराब न मिलने पर की हत्या, आरोपी को आजीवन कारावास

**अकोला.** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मोठी उमरी इलाके में रेलवे फाटक के पास शराब की दुकान के सामने वर्ष 2018 में हुई एक हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले में दोषी ठहराया गया आरोपी रंजीत तुकाराम वाघ (30), निवासी सिद्धार्थ नगर, मोठी उमरी, ने घटना के दिन शहर के सिविल लाइंस थाना अंतर्गत स्थित शराब की दुकान पर पहुंचकर शराब मांगी थी। उसके पास पैसे नहीं थे, इसलिए उसने मुफ्त में शराब देने की मांग की। दुकान के मैनेजर विश्वास किसनराव गुरव (44), निवासी मोठी उमरी, और कर्मचारी श्रीकांत सोनकुले ने उसे शराब देने से इनकार कर दिया।

# नवरात्रि और धम्मचक्र दिन पर महावितरण की सौगात

**नागपुर.** महाराष्ट्र की संस्कृति में नवरात्रोत्सव और धम्मचक्र प्रवर्तन दिन, दोनों ही त्योहारों का बहुत महत्व है. लाखों श्रद्धालु और धम्म बंधु इन त्योहारों में शामिल होते हैं और पूरा वातावरण उत्साह, श्रद्धा और आनंद से भरा रहता है. इस आनंद में कोई बाधा न आए, इसके लिए महावितरण ने सार्वजनिक उत्सव मंडलों के लिए अस्थायी बिजली कनेक्शन केवल घरेलू दरों पर उपलब्ध कराए हैं. सुरक्षा की पहली सीढ़ी: अधिकृत बिजली कनेक्शन, उत्सवों के लिए रोशनी, आकर्षक झांकियों, मंडपों, महाप्रसाद और अन्य कार्यक्रमों के लिए बिजली की व्यवस्था केवल अधिकृत बिजली ठेकेदारों से ही करवाई जानी चाहिए. अवैध और अनधिकृत बिजली कनेक्शनों से शॉर्ट सर्किट या अन्य गंभीर दुर्घटनाओं का खतरा होता है.

महावितरण
महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित

इसीलिए, सुरक्षा से कोई समझौता न करते हुए, मंडलों को आवेदन करते ही अस्थायी बिजली कनेक्शन दिया जाएगा, ऐसा महावितरण ने स्पष्ट किया है.

ऐसे रखें सावधानी: मंडप की बिजली की वायरिंग बहुत व्यवस्थित और प्रमाणित होनी चाहिए. मीटर केबिन में जाने की अनुमति केवल अधिकृत और प्रशिक्षित व्यक्ति को ही दें. बिजली कनेक्शन के लिए हमेशा अच्छी गुणवत्ता वाले तार और स्विच का उपयोग करें. आपातकालीन स्थिति में पूरे मंडप की बिजली एक ही स्विच से बंद करने की व्यवस्था होनी चाहिए. टूटे हुए तारों को जोड़ने के लिए केवल अच्छी गुणवत्ता वाले इन्सुलेशन टेप का ही उपयोग करें. मीटर और स्विच के पास का रास्ता हमेशा खुला रखें, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत पहुंचा जा सके. महावितरण ने यह भी अपील की है कि अनुमोदित भार से मंडप में बिजली का उपयोग ज्यादा न हो, इसका विशेष ध्यान रखें.

मदद हमेशा उपलब्ध है: आपातकालीन स्थिति में तुरंत मदद के लिए महावितरण ने 24 घंटे उपलब्ध टोल-फ्री नंबर दिये हैं: 1912, 1800-233-3435, 1800-212-3435. आप 022-50897100 पर मिस कॉल देकर भी संपर्क कर सकते हैं. मंडलों के पदाधिकारियों से स्थानीय महावितरण इंजीनियर और 'जनमित्रों' के मोबाइल नंबर पास रखने की अपील भी की गई है.

अमानत राशि: आसान प्रक्रिया, तुरंत वापसी, अस्थायी बिजली कनेक्शन के लिए मंडलों को उनके अनुमोदित बिजली भार के अनुसार अमानत राशि जमा करनी होगी. अगर यह राशि ऑनलाइन जमा की जाती है, तो उत्सव समाप्त होने के बाद बिजली बिल की राशि घटाकर बची हुई राशि बिना किसी देरी के वापस कर दी जाएगी. इससे राशि वापस पाने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा और मंडलों की प्रक्रिया और भी आसान हो जाएगी. महावितरण की इस पहल से, इस साल का उत्सव सुरक्षित और आनंदमय बनाने के लिए सभी मिलकर सुरक्षा का संकल्प लें, ऐसी अपील भी महावितरण ने की है.

# यूथ ऑफ सौंसर असोसिएशन का पुरस्कार समारोह संपन्न




**सौंसर.**

सामाजिक नवांकुर संस्था युथ ऑफ़ सौंसर असोसिएशन द्वारा मेगा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा के पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद बंटी विवेक साहू और जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड़ थे।

प्रमुख अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉक्टर योगेंद्र सक्सेना वैज्ञानिक पर्यावरणविद् गोकाष्ठ मेन इन इंडिया, डॉक्टर धीरेंद्र कुमार पांडेय जल वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक मध्यप्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल ,युवा नेता राहुल मोहोड संस्था के संरक्षक वृक्ष मित्र अरुण ठाकरे, म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक सौसर अनिल बोबडे प्रमुख रूप से उपस्थित थे। भारत माता के छायाचित्र सामने दीप प्रज्वलन कर शहीदों को श्रद्धांजलि देकर शुभारंभ किया गया। एक शाम शहीदों के नाम से शहीदों को श्रद्धांजलि देने हेतु देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। संस्था अध्यक्ष योगेश सोमकुवर ने संस्था द्वारा 10 वर्षों से किया जा रहे कार्यों की प्रस्तावना रखी।

सांसद साहू ने युवाओं को प्रेरित करते हुए बताया कि युवा ही समाज और देश का मजबूत अंग है। प्रमुख वक्ता डॉक्टर सक्सेना ने पर्यावरण के क्षेत्र में गौ माता गोबर गोमूत्र घर पर बने हुए बायो एंजाइम का घर पर उपयोग कैसे करें इसकी जानकारी दी। डॉ.पांडे ने शिक्षा स्वास्थ्य एवं समाज में युवाओं का योगदान विषय पर विचार रखे। क्षेत्र के डॉक्टर संदीप नखाते तथा धार्मिक सामाजिक क्षेत्र में हमेशा अपना योगदान देने वाले उत्कृष्ट शिक्षक खेमराज बंधु को प्रेरणा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वर्ष 2024 के पुरस्कार विजेता कक्षा नवमी, दसवीं में प्रथम पुरस्कार दामिनी जानभोर, द्वितीय हिमांशु चटप तृतीय एजेंद्र मिश्रा, ग्यारहवीं बारहवीं प्रथम हिमांशु झलके, द्वितीय ओम राठौड़ तृतीय सुजल नशीने, महाविद्यालय स्तरीय प्रथम प्रतिक डोंगरे, द्वितीय प्रणाली ठवरे, तृतीय चंद्र प्रकाश धुर्वे को दिया गया। वर्ष 2025 में कक्षा 9वी 10वीं प्रथम सिद्धांत गांधी, द्वितीय भुवनेश्वरी कालबांडे, तृतीय हर्षल ढोके, ग्यारहवीं 12 वीं प्रथम हिमांशु चटप,द्वितीय सार्थक गुर्वे, तृतीय वेदांत मानकर और महाविद्यालय स्तरीय प्रथम विभा रबड़े, द्वितीय पवन कलंबे, तृतीय संयुक्त रूप से साक्षी जैन एवं रोशन धुर्वे को प्रदान किया है।

संस्था सचिव गोपाल कोठे ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालक संदीप बागडे ने किया। प्रीति सोमकुंवर, गीता गाडगे,अश्विनी सहारे, शिवानी बोडखे, कंचन बारापात्रे, सेजल पगारे, कोमल सहारे, पूजा हिवरकर, मेघा गजभिए, वैशाली शेंडे, पीहू लताड़, निशा लताड़ के अलावा संस्था पदाधिकारी सदस्यों का संपूर्ण योगदान रहा।

# एसटी बस चालक से युवक ने की मारपीट

**बुलढाणा.**

जिले के जानेफल पुलिस थाना क्षेत्र के पारखेड फाटे के पास एक युवक द्वारा एसटी बस चालक पर मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मामूली विवाद हाथापाई में बदल गया, जिससे चालक को हल्की चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार, मेहकर-खामगांव के बीच चल रही एसटी बस खामगांव की ओर जा रही थी।

इसी दौरान युवक तुषार अर्जुन राठोड ने चालक से कहा कि उसकी माँ आने वाली है, इसलिए बस को रोक दिया जाए। चालक ने कुछ समय के लिए बस रोकी, लेकिन महिला देर से पहुँचने के कारण बस आगे बढ़ा दी गई। इस बात पर तुषार राठोड गुस्से में आ गया और बस में चढ़कर चालक पर हमला कर दिया। इस हमले में चालक को हल्की चोटें आईं।

घटना की सूचना मिलने पर जानेफल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। मारपीट का पूरा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, जिससे यह मामला सुर्खियों में आ गया है। पुलिस इस घटना की गंभीरता से जांच कर रही है।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 144-9 | 689-3 |
| श्रीदेवी नाईट | 300-3 | 190-0 |